**Need to set up a national level sports institute in Haryana Central University - laid**

**श्री धर्मवीर सिंह (भिवानी-महेन्द्रगढ़):** तत्कालीन केन्द्र सरकार ने 2009 में पूरे देश में 16 नये केन्द्रीय विश्वविद्यालय स्थापित किए थे। इनमें से एक मेरी लोकसभा क्षेत्र में आता है। इस विश्वविद्यालय में लगभग 6000 हजार बच्चा पढ़ता है। इस केन्द्रीय विश्वविद्यालय में शारीरिक शिक्षा या खेलकूद का एक भी संस्थान नहीं है।

हरियाणा तो वैसे भी खेलों में अच्छा प्रदर्शन करता है। मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि हरियाणा केन्द्रीय विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय स्तर का खेल संस्थान स्थापित किया जाए। दूसरा केंद्रीय विश्वविद्यालय हरियाणा,पाली (महेंद्रगढ़) में बहुत से कोर्स शुरु नहीं किए गए है। मेडिकल कॉलेज सहित बाकी सभी कोर्सों को जल्द से जल्द शुरु कराए जाए। विश्वविद्यालय में मेडिकल कॉलेज की घोषणा बहुत पहले की जा चुकी है। लेकिन अभी तक मेडिकल कॉलेज को शुरु नहीं किया गया है और रिक्त पदों को भी जल्द से जल्द भरवाया जाए ताकि विद्यार्थियों को फायदा मिल सके।